Website:- www.allastateuniversity.org Email:- registrarasua@gmail.com

इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय
Allahabad State University

पताः सी0पी0आई0 परिसर, महात्मा गाँधी रोड, सिविल लाईन्स, इलाहाबाद (उ0प्र0), फोनः 0532–2256207

पत्रांकःइ0रा0वि0वि0/उ0कु0सं0का0/वा0–2052/2017 दिनांकः 25/10/2017

कार्यालय ज्ञाप

सत्र 2016–17 के द्विवर्षीय बी0एड0 व एम0एड0 पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों को बैक पेपर परीक्षा व अगली कक्षा मे प्रोन्नति दिए जाने हेतु छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में प्रचलित व्यवस्था आदेशानुसार इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में भी लागू की जायेगी। संदर्भित व्यवस्था निम्नानुसार हैं –

1. बी0एड0 एवं एम0एड0 प्रथम वर्ष, सत्र 2016–17 के सैद्वान्तिक प्रश्नपत्रों में किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्रों को द्वितीय वर्ष में अस्थायी (प्रोविजनल) रूप से प्रवेश दे दिया जाय। उक्त छात्रों को उक्त प्रश्नपत्र मे बैक पेपर देने की अनुमति दिये जाने पर सहमति बनी तथा यह परीक्षा सत्र 2017–18 के प्रथम वर्ष के छात्रों की परीक्षा के साथ करायी जायेगी।
2. ऐसे परीक्षार्थी, जो किसी एक प्रश्नपत्र के आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित हैं, उन्हें भी द्वितीय वर्ष में अस्थायी (Provisional) रूप में प्रवेश प्राप्त करने की अनुमति प्रदान की जाती है।
3. प्रैक्टिकम में वर्णित समस्त प्रश्नपत्रों में यदि कोई छात्र अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहा हो तो उक्त छात्र को भी द्वितीय वर्ष में अस्थायी (प्रोविजनल) रूप से प्रवेश दे दिया जाय। इन सभी छात्रों को प्रथम वर्ष सत्र 2017–18 की परीक्षा के दौरान ही अपने–अपने प्रश्नपत्रों में परीक्षा देने की अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया ।
4. सत्र 2017–18 की परीक्षा के साथ अपने प्रथम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण न होने की दशा मे उपरोक्त वर्णित छात्रों का द्वितीय वर्ष का अस्थाई (प्रोविजनल) प्रवेश निरस्त माना जायेगा और उन्हें प्रथम वर्ष की सम्पूर्ण परीक्षा पुनः देनी होगी।
5. शेष प्रकरण बोर्ड आफॅ स्टडीज को सन्दर्भित किए जायेंगे।
6. उपरोक्त बैकपेपर परीक्षा में शामिल होने हेतु बैकपेपर परीक्षा शुल्क अभ्यार्थियों द्वारा देय होगा।

सम्बन्धित बी0एड0/एम0एड0 महाविद्यालयों के प्राचार्यो से मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।

डॉ0 (साहब लाल मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालय।
2. समस्त अधिकारीगण।
3. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त कार्यालय ज्ञाप को वि0वि0 की वेबसाइट एवं वि0वि0 से सम्बद्ध समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों की कालेज लागिन पर अपलोड कराने तथा उक्तानुसार परीक्षाफल संशोधित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति ,माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक,वित्तअधिकारी ,कुलसचिव /परीक्षा नियंत्रक।

(राज बहादुर)
उपकुलसचिव (परीक्षा)